डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,उत्तर प्रदेश
सेक्टर–11 जानकीपुरम विस्तार, सीतापुर रोड, लखनऊ–226031

पत्र संख्याः ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 / 2020 / 3924 दिनांकः 17 / 06 / 2020

✓सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थाएं।

विषयः विलम्ब शुल्क के साथ विषम सेमेस्टर परीक्षा 2019–20 की उत्तर पुस्तिकाओं का चैलेंज पुनर्मूल्यांकन कराये जाने के सबंध में।

महोदय,

अवगत कराना है कि पूर्व में विश्वविद्यालय के पत्र संख्याः ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 / 2020 / 3824 दिनांक 05.03.2020 द्वारा आनलाइन आवेदन प्राप्त कर चैलेंज पुनर्मूल्यांकन का परिणाम घोषित किया जा चुका है, परन्तु अभी भी कतिपय छात्रों द्वारा चैलेंज पुनर्मूल्यांकन कराये जाने हेतु अनुरोध किया जा रहा है। अतः इस संबंध में सूचित करना है कि विषम सेमेस्टर परीक्षा 2019–20 की उत्तर पुस्तिकाओं का चैलेंज पुनर्मूल्यांकन कराये जाने हेतु विलम्ब शुल्क के साथ इच्छुक छात्र दिनांक 22.06.2020 से 27.06.2020 तक प्रति विषय निर्धारित शुल्क रू0 2500.00 (दो हजार पॉच सौ मात्र) के अतिरिक्त निर्धारित विलम्ब शुल्क प्रति विषय रू0 2000.00 (दो हजार मात्र) कुल रू0 4500.00 (चार हजार पॉच सौ मात्र) (Non-Refundable) प्रति विषय की दर से आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उक्त तिथि के उपरान्त कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। चैलेंज पुनर्मूल्यांकन हेतु जमा शुल्क किसी भी दशा में विश्वविद्यालय द्वारा वापस देय नहीं होगा। **साथ ही यह भी सूचित करना है कि छात्र को पूर्व में प्रदत्त अंक के स्थान पर चैलेंज पुनर्मूल्यांकन के उपरान्त प्राप्त अंक (कम या अधिक) अंतिम देय होंगे।**

अतः चैलेंज पुनर्मूल्यांकन हेतु इच्छुक छात्र निर्धारित उक्त तिथि तक आनलाइन आवदेन कर सकते है। अतः आपसे अनुरोध है कि अपने संस्थान के इच्छुक छात्रों को सूचित करने का कष्ट करें।

भवदीय

17/6/2020

(डॉ0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि।

1 कुलसचिव, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।

2 वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।

3 प्रभारी, ई0आर0पी0, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित है कि उक्त निर्धारित तिथि से छात्रों को चैलेंज पुनर्मूल्यांकन के आवेदन तथा निर्धारित शुल्क जमा करने हेतु आनलाइन पोर्टल खोलने की व्यवस्था करने का कष्ट करें।

4 स्टाफ आफीसर, कुलपति कार्यालय, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मॉ0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(डॉ0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

Scanned with CamScanner